Live Hindustan

UP में 16,000 प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती जल्द, इस दिन काउंसिलिंग

उत्तर प्रदेश के सरकारी प्राथमिक स्कूलों में 16,448 सहायक अध्यापकों की भर्ती के लिए काउंसिलिंग की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। उम्मीद है कि राज्य को जल्दी ही 16000 नए प्राथमिक शिक्षक मिल जाएंगे।

बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव संजय सिन्हा ने बताया कि भर्ती का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है जिसके तहत 16 और 17 अगस्त को काउंसिलिंग होगी।

सिन्हा के मुताबिक, पहली काउंसिलिंग में उसी जिले के डायट से बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी या बीएड (विशेष शिक्षा) के उन आवेदकों को मौका मिलेगा जिन्होंने उस जिले में प्रथम वरीयता के आधार पर ऑनलाइन आवेदन किया हो।

सचिव ने बताया कि सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बची हुई सीटों के लिए 24 अगस्त को दूसरे चरण की काउंसिलिंग होगी। दोनों काउंसिलिंग में योग्य अभ्यर्थियों को 26 अगस्त को नियुक्ति पत्र दिये जाएंगे।

उन्होंने बताया कि काउंसिलिंग के लिए विज्ञप्ति 8 अगस्त को जारी होगी।